# कलेक्टर ने जेपी का किया निरीक्षण

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 4 नवम्बर. **कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के साथ सुधार संबंधी निर्देश दिए.**

उन्होंने ओपीडी पहुंचकर मरीजों की सुविधा, डॉक्टरों की मौजूदगी और स्टाफ की कार्यप्रणाली की समीक्षा की. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष शर्मा और सिविल सर्जन डॉ संजय जैन भी निरीक्षण में शामिल रहे। बता दें कलेक्टर ने अस्पताल के नए भवन का निरीक्षण कर जल्द सेवाएं शुरू करने को भी कहा, ताकि मरीजों को अधिक बेहतर इलाज उपलब्ध हो सके. साथ ही उन्होंने परिसर में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने तथा स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सफाई में लापरवाही मिलने पर ठेकेदार पर कार्रवाई होगी. उन्होंने निर्देश दिए कि ओपीडी समय पर डॉक्टर और स्टाफ मौजूद रहें ताकि जनता को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मिल सके. सोमवार को भी बैठक में उपमुख्यमंत्री ने लगाई थी फटकार



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सोमवार को समीक्षा बैठक में जिला अस्पताल को लेकर गहरा असंतोष व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री ने अस्पताल सुविधाओं और निर्माण कार्य को लेकर विस्तृत बैठक की.

> बैठक में कई बातें सामने आई जिससे अधिकारियों की ढीलढाली खुले आम समझ आती है. अभी तक अस्पताल में तकनीकी व्यवस्थाओं की कमी पूरी नहीं की जा सकी है. जिसमें फायर टैंक, यूपीएल यूनिट, वैक्यूम सहित कई अन्य मेडिकल सम्बंधित जरुरी चीजें जिनका होना अतिआवश्यक है. समीक्षा के दौरान पाया गया कि अस्पताल में मरीजों और परिजनों के लिए पर्याप्त प्रतीक्षा कक्ष ही नहीं है. एक्स-रे और सीटी स्कैन यूनिट की स्थिति संतोषजनक नहीं है, जबकि ब्लड बैंक में तकनीकी दिक्कतें लगातार बनी हुई हैं. अस्पताल की चौथी और पाँचवीं मंजिल पर शौचालय और फर्नीचर जैसे बुनियादी इंतजाम भी अधूरे पड़े हैं. इसके साथ ही कई अन्य प्रक्रियाएं तो अभी सिर्फ कागजों पर ही चक्कर काट रही हैं. बता दें कुछ दिन पहले भी राजेंद्र अस्पताल का औचित्य निरीक्षण किया था. जिसमें अस्पताल में साफ अनुपस्थिति समेत कई मामलों में सुधार करने के निर्देश भी दिए थे. और ढीली व्यवस्था को लेकर फटकार भी लगाई थी. लेकिन इन सबके बावजूद अस्पताल प्रशासन अपनी कछुए की चाल से ही आगे बढ़ रहा है.

# 10 घटे बिजली की आपूर्ति में कोई कमी नहीं की

▸ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने की स्थिति साफ

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 4 नवंबर. मध्य क्षेत्र **विद्युत वितरण कंपनी ने स्पष्ट किया है कि राज्य शासन के संकल्प की पूर्ति के लिए कंपनी कार्यक्षेत्र के 16 जिलों में किसानों को कृषि फीडरों पर 10 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है. 10 घटे बिजली की आपूर्ति में कोई कमी नहीं की गई है.**

यह देखने में भी आया है कि असामाजिक तत्वों के प्रभाव में निर्धारित घंटे एवं घोषित समयानुसार से अधिक विद्युत प्रदान किये जाने से कृषि फीडरों पर विद्युत से होने वाली दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है. साथ ही इससे घरेलू फीडरों पर 24घंटे विद्युत प्रदाय किये जाने में भी बाधा उत्पन्न होती है. इन घंटों से अधिक आपूर्ति के लिए संबंधित अधिकारियों पर कुछ दंड के प्रावधान किए हैं. इन्हीं प्रावधानों के तहत कहा गया है कि यदि विद्युत प्रदाय के घंटों में किसी कारण से वृद्धि होती है तो इसके परिणाम बिजली कंपनी के आर्थिक समंकों में गिरावट के रूप में दर्ज होते हैं. इससे एक ओर जहाँ तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों में वृद्धि होती है वहीं दूसरी ओर इन आर्थिक समंकों में गिरावट होने से विद्युत वितरण के क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की पात्रता की शर्तें बदल जाती हैं और कंपनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है.

## कृषि उपभोक्ताओं को 6465 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 09 लाख 92 हजार 171 कृषि उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से 10 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है. वर्ष 2024-25 में कृषि उपभोक्ताओं को 6465 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई है. इसी प्रकार वर्ष 2025-26 में कृषि उपभोक्ताओं को 2535 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई है. विद्युत प्रदाय के घंटों की समय अवधि की गणना के लिये मीटर की तकनीकी विशिष्टता की स्पष्टता के लिए उक्त परिपत्र पुनरीक्षित किया गया है. यहॉ यह उल्लेखनीय है कि पुनरीक्षित प्रपत्र में कृषि फीडरों में निर्धारित 10 घंटे विद्युत प्रदाय के नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन/कमी नहीं की गई है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 3 नवंबर को एक परिपत्र जारी किया है, जिसमें राज्य शासन के निर्देशानुसार कृषि फीडर पर 10 घंटे विद्युत प्रदाय करने की प्रतिबद्धता एवं निर्देश दोहराए गए हैं.

# आधा दर्जन से अधिक जिलों में लम्पी का प्रकोप

रोगग्रस्त पशुओं के उपचार के लिए एडवाइजरी जारी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 4 नवंबर. **प्रदेश के झाबुआ, रतलाम, बैतूल, बड़वानी, सिवनी, सागर एवं भोपाल जिलों में पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज़ की जानकारी मिली है.**

इस संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस से बचाव एवं रोगग्रस्त पशुओं के उपचार के संबंध में एडवाइजरी जारी की है. संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पी. एस. पटेल ने बताया कि इस रोग से बचाव के लिए पशुओं को प्रतिबंधात्मक टीका अवश्य लगवाएं. पशुपालक अपने पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम पशु औषधालय/पशु चिकित्सालय से तत्काल संपर्क कर बीमार पशुओं का उपचार कराएं. स्वस्थ पशुओं को बीमार पशुओं से अलग रखें. स्वस्थ पशुओं का टीकाकरण कराएं. पशु रखने के स्थान की सफाई रखें एवं पशुओं के शरीर पर परजीवी जैसे मक्खी, मच्छर आदि को नियंत्रित करने के उपाय करें.

> **निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित**
>
> पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम एवं निगरानी हेतु भोपाल में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 0755-2767583 है. कोई भी पशुपालक इस पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है. डॉ. पटेल ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस की चुनौती से निपटने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं. संक्रमण से बचाव के लिए टीकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है और पशु पालकों को रोग से बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है. प्रदेश में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा माह अप्रेल से 41.5 लाख पशुओं को एलएसडी रोग प्रतिबंधात्मक टीका लगवाया जा चुका है. मुफ्त टीकाकरण कार्य निरंतर जारी है.

## इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल. **बैरसिया थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

वारदात में शामिल रहे दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें दाबिश दे रही है. बीते 21 अक्टूबर को पर्वत सिंह नाम के युवक के साथ उसके पड़ोसियों का विवाद हुआ था. भारी विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले थे. घटना के दौरान पर्वत सिंह के पड़ोसियों ने उस पर जमकर हमला किया था. हमले में घायल हुए पर्वत को गंभीर चोटे आई थी. घायल का इलाज पिछले 13 दिनों से अस्पताल में जारी थी.

# दावों के निराकरण में सकारात्मक रहें अफसर

▸ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने की स्थिति साफ

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 4 नवंबर. **जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि राज्य सरकार जनजातीय बंधुओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है.**

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वन अधिकार संबंधी दावों के निराकरण में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा. मंत्री डॉ. शाह मंत्रालय में वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की उप समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे. बैठक में वन ग्रामों में वन अधिकारों की मान्यता एवं वन ग्रामों के राजस्व गांव में परिवर्तन की संशोधित प्रक्रिया पर चर्चा हुई. टास्क फोर्स के सदस्यों के झाबुआ, खंडवा, बुरहानपुर और दमोह जिलों के भ्रमण के बाद की भी अनुशंसाओं पर चर्चा की गई. बैठक में तय किया गया कि ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों को विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया जाएगा. प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा.



वन अधिकार पत्र धारकों के दावों के लिए सैटलाइट इमेजरी पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाने की ताजा स्थिति एवं संपूर्ण डिजिटाइजेशन प्रक्रिया पर भी समिति ने विचार किया. सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन के ग्रामवार लंबित दावों की समीक्षा की गई. इसके अलावा उपखंड एवं ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के प्रशिक्षण कैलेंडर पर भी विस्तार से चर्चा हुई.

## विश्वविद्यालयों में परीक्षा नियंत्रक की हुई नियुक्ति

**भोपाल, 4 नवम्बर.** लम्बे समय से प्रदेश के बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के पद खाली पड़े थे. जिसमें उच्च शिक्षा विभाग ने सोमवार को खाली पड़े इन पदों में नियुक्ति कर दी है. इस पद पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशा कुमारी को विवि में परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया है. लंबे समय तक रिक्त पड़े पद पर इस बार नियुक्ति के लिए इच्छुक प्रोफेसर्स से आवेदन मांग गए थे. जिससे बाद परीक्षा से जुड़े कार्य पर सुधार होने ही उम्मीद है। बता दें कि बीयू में यह पद पिछले 13 साल से खाली पड़ा था. इस कारण अब तक यूडीटी के प्राध्यापकों को अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा था.

## एक नजर में

### हत्या के प्रयास में फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, 04 नवबंर.** मंगलवारा थाना पुलिस लम्बे समय से हत्या का प्रयास के प्रकरण में फरार शातिर ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में उपयोग किया गया देशी कट्टा भी बरामद किया है. मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही की थी. एक आरोपी लगातार फरार चल रहा था. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 6 मई को फरियादी सैफ खान (24) निवासी छावनी रोड ने आरोपी जुबैर मौलान और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की. आरोपी जुबैर मोलाना सहित कुल 8 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है. शेष आरोपियों की धडपकड के प्रयास जारी थे. इस दौरान सोमवार को सोमवार को पुलिस को सूचना मिली की कि मामले का आरोपी मोहसिन (21) निवासी अशोका गार्डन बैतूल में मुकर्रम के पास है. आरोपी को पुलिस ने वहां से गिरफ्तार किया और उसके पास से मिले एक देशी कट्टे को जब्त किया गया. आरोपी के खिलाफ भोपाल जिले के अलग-अलग थानो में कुल 7 अपराध पंजीबध्द है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने फरारी अजमेर सहित अन्य स्थानों में काटना बताया. उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में भी पेश किया.

### 20 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**भोपाल, 4 नवबंर.** खजूरी थाना सडक पुलिस ने 20 साल पुराने वारंट में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया. वारंटियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस को आरोपी की लोकेशन मिली. पुलिस की एक टीम आरोपी को पकड़ने के लिए ग्राम सेमरा चांदबढ़ अशोका गार्डन क्षेत्र में रवाना किया. आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ की. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है. आरोपी की पहचान रमेश सिंह (61) निवासी अहीर मोहल्ला लिली टाकिज के पास के रूप में हुई है. उसे कोर्ट में पेश किया गया.

### चेन पुलिंग के 442 केस में 1.35 लाख जुर्माना

**भोपाल 4 नवंबर.** रेलवे की सुरक्षा और संचालन में व्यवधान रोकने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ट्रेनों में अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया. अलार्म चेन का गलत उपयोग न केवल ट्रेन संचालन में देरी का कारण बनता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है. रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत, बिना उचित कारण चेन पुलिंग करना अपराध है. ऐसा करने पर एक वर्ष तक का कारावास, एक हजार रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं. भोपाल मंडल ने अक्टूबर 2025 में कुल 442 मामलों में कार्रवाई कर न्यायालय के माध्यम से 1,33,625 का जुर्माना वसूल किया. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. अलार्म चेन पुलिंग जैसी घटनाओं पर कड़े कदम उठाए जा रहे हैं. यात्रियों से अपेक्षा है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन कर रेलवे के प्रयासों में सहयोग दें.

### रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल दो ट्रिप जाएगी

**भोपाल 4 नवंबर.** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं. अतिरिक्त यात्रीभार को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य स्पेशल ट्रेन संचालित की जा रही है. यह द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति से अंतिम दो ट्रिप 8 एवं 11 नवम्बर को और दानापुर से 9 व 12 नवम्बर को जायेगी. यात्रियों की सुविधा हेतु ट्रेन में दोनों दिशाओं में अग्रिम आरक्षण के तहत स्लीपर, थर्ड एवं सेकेंड एसी में पर्याप्त संख्या में बर्थों की उपलब्धता है. यह उपलब्धता आरक्षण की स्थिति के अनुरूप परिवर्तनीय है. रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन आगामी शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14.25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी.

### राजधानी में उमस, कई जिलों में बारिश के आसार

**भोपाल, 4 नवंबर.** प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव नजर आ रहा है. पहले बारिश, इसके बाद मौसम में ठंडक और अब उमस का अहसास किया जा रहा है. मंगलवार को राजधानी में उमस के कारण लोग परेशान हुए. कई जिलों में तेज धूप खिली रही. दो दिन के बाद मौसम साफ हो जाएगा और दिन में तापमान 30-32 डिग्री के आसपास रहेगा, लेकिन उत्तर से हवा आने की वजह से पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने लगेगी. यह दौर दूसरे सप्ताह तक चलेगा. इसके बाद दिन-रातें ठंडे होने लगेंगे. 15 नवंबर के बाद तेज ठंड का दौर शुरू हो जाएगा. मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि पश्चिमी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है. इसका असर प्रदेश के कुछ जिलों में देखने को मिल सकता है. भोपाल, दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन, जबलपुर, खजुराहो, रीवा, सागर, सतना, टीकमगढ़ में पारा 30 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया.

## मवेशियों से भरा लोडिंग ऑटो पलटा

**भोपाल.** गुनगा थाना इलाके में मवेशियों से भरा एक अनियंत्रित लोडिंग ऑटो पलट जाने से सभी जानवरों की मौत हो गई. मंगलवार को हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर सड़कर पर हंगामा काटा. पुलिस की समझाईश के बाद मामले को शांत कराया गया. आटो चालक के मौके से फरार होने की जानकारी सामने आई. मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बड़ा ऊंटखेड़ा गांव के पास एक लोडिंग ऑटो सड़क के किनारे पलट गया. पलटे आटो में आई दो गाय और तीन बैल की मौत की जानकारी स्थानीय लोगों को मिली. लोगों ने घटना स्थल पर पहुंचकर गौतस्करी के मामले को देखते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया.

# सैर-सपाटा झील में तैरता मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 4 नवंबर. **कमला नगर थाना पुलिस ने मंगलवार को सैर-सपाटा के पास झील में तैरते हुए एक व्यक्ति का शव को बरामद किया.**

पानी के ऊपर शव को तैरते देख कर भदभदा पुल पर लोगों की भीड़ इक्ठा हो गई. घटना की जानकारी तत्काल ही पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम रिपोर्ट के लिए भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार झील में अचानक से शव को तैरता देखकर लोग घबरा गए. पुलिस ने शव को गोताखोरों के जरिए बाहर निकलवाया. मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं की जा सकी है.



सैर-सपाटा में हर रोज सैलानी अपने परिवार के साथ घूमने के लिए पुहंचते हैं. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र 35 से 40 साल की लग रही है. शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि 2 से 3 दिन पहले मृतक के साथ कोई हादसा हुआ है. मृतक को लेकर आस-पास के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है कि वह कौन है और कहां का रहने वाला है.

# बरकतउल्ला ने तीन विवि से किया एमओयू

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 4 नवम्बर. **भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय की पीएम उषा स्वक्रपरियोजना के तहत चयनित विश्वविद्यालयों में शामिल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल ने सोमवार को शोध और अकादमिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया.**

विश्वविद्यालय ने मैसूर विश्वविद्यालय मैसुरू, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन और डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय असम के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए. यह सहयोग उच्च शिक्षा में नवाचार, रिसर्च, अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और गुणवत्ता उन्नयन को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहेगा. इससे पहले दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में एनईपी 2020 के जवाबदेही, पहुंच, हिस्सेदारी और सामर्थ जैसे चार स्तंभों पर चर्चा हुई थी। इसी क्रम में पांच प्रमुख विश्वविद्यालयों का क्लस्टर बनाया गया, जिसमें बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भी शामिल था. एमओयू हस्ताक्षर समारोह में मैसूर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर एन के लोकनाथ, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज और डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देव कुमार चक्रवर्ती सहित वरिष्ठ शिक्षाविद मौजूद रहे। बरकतउल्ला विवि के कुलगुरु प्रोफेसर एस के जैन ने कहा कि यह समझौता शोध संसाधनों, शैक्षणिक गतिविधियों और सांस्कृतिक आदान प्रदान को नई दिशा देगा.



# किसानों के साथ विश्वासघात पर कांग्रेस का भाजपा सरकार पर प्रहार

विशेष संवाददाता

**भोपाल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल राज ने मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने किसानों से किए अपने वादों को पूरी तरह भुला दिया है. विशेष रूप से निरंतर बिजली आपूर्ति और फसलों की उचित सरकारी खरीदी के मामलों में. राहुल राज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार यह दावा करते हैं कि किसानों को 24 घंटे बिजली मिल रही है, जबकि हकीकत यह है कि किसानों को दिन में नहीं बल्कि सिर्फ 5 से 7 घंटे बिजली, वह भी अधिकतर रात के समय, दी जा रही है,



# 11 हजार 653 उपभोक्ताओं को 24 लाख 9 हजार की छूट

▸ स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को भी 20 प्रतिशत छूट का लाभ

**भोपाल 04 नवंबर.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 3 लाख 61 हजार 856 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुए अक्टूबर में कुल 4 करोड़ 66 लाख 34 हजार की रियायत प्रदान की गई है जिसमें भोपाल ग्रामीण के 11 हजार 653 उपभोक्ताओं को 24 लाख 09 हजार की दिन के टैरिफ में छूट मिली है. कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे छूट के तहत यह रियायत प्रदान की गई है. प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत माह अक्टूबर 2025 के दौरान यह छूट प्रदान की गई है. दिन के टैरिफ में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है. कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य व स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है.

प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने आमजन एवं उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करें और स्मार्ट मीटर लगवाने से न घबराएं. स्मार्ट मीटर उनके लिए हर तरह से फायदेमंद है और स्मार्ट मीटर की सटीक रीडिंग और बिलिंग के साथ ही कार्यप्रणाली में भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है.

# सीएम डॉ. यादव ने बिहार में किया प्रचार

बिहार/भोपाल, 4 नवंबर. **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को बिहार के पटना जिले की बांकीपुर और मनेर विधानसभा में रोड शो कर मधेपुरा जिले के मधेपुरा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एनडीए सरकार ही बिहार का विकास कर सकती है.**

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है. परिवारवादी पार्टियों को अगर मौका मिला तो वह अपने परिवार के अलावा किसी का विकास नहीं होने देती हैं. बिहार का भविष्य संवारने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एनडीए प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं. प्रधानमंत्री ने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया और भारत का मान-सम्मान वैश्विक स्तर में बढ़ाने का कार्य किया है. आप सभी लोगों का अपना स्नेह, प्यार, आशीर्वाद और समर्थन बता रहा है कि आप सभी लोगों ने बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने का निर्णय ले चुके हैं. भारत भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और भगवान बुद्ध की धरती है, लेकिन कांग्रेस और उसके साथ गठबंधन करने वाले दलों ने तो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया था. बिहार की जनता भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वालों को इस विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएं. बिहार की जनता को विकास की मुख्य धारा से दूर रखने वाले नेताओं को भी सबक सिखाना जरूरी है. बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी के रोड शो में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर भी उपस्थित रहे. मोदी जी के नेतृत्व में भारत की शक्ति और सामर्थ्य तेजी से बढ़ रहा है



> **जनता के लिए जान की बाजी लगाने को भी तैयार हूं**
>
> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब मैं आपके बीच आ रहा था, तो रास्ते खोद दिए गए थे. हेलीपैड खोद दिए गए थे, ताकि मैं आप सभी के बीच न पहुंच सकूं. लेकिन हमारा और आप सभी का बहुत पुराना संबध है. मैंने कहा कि जो मर्जी आए करो, मैं तो जनता के बीच जाने के लिए जान की बाजी लगाने को भी तैयार हूं. बिहार के लोगों के बीच आकर हमेशा आनंद का अनुभव करता हूं. उन्होंने कहा कि उज्जैन में बाबा महाकाल का भव्य लोक बनाया है. पिछले एक साल में 7 करोड़ से ज्यादा पर्यटक व श्रद्धालु उज्जैन आए हैं. अयोध्या में भगवान श्रीराम, काशी में बाबा विश्वनाथ लोक बन चुका है तो अब जल्द ही मथुरा में कृष्ण कन्हैया मुस्कुराएंगे. एनडीए सरकार गरीबों और महिलाओं की जिंदगी बेहतर बनाने का कार्य कर रही है.

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of the General Manager (City) Circle, Old Kisan Bank Building Sultaniya Road, Bhopal-462001, Ph. : 0755-2678226. E-mail : secitybhopal@gmail.com, secitypur@gmail.com
Ref. No. GM/CC/TENDER/2025-26/7633 Bhopal, Dated : 04.11.2025

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL hereby invited from eligible bidders, for following item through e-tendering :-

| Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (Inclusive of GST @18%) (In Rs.) | Opening Date of Tender |
|---|---|---|---|
| RCA for Procurement of local Purchase materials required for operations and maintenance of Equipmets of 33/11 Kv S/Under City Circle Bhopal. | 45.83 Lakhs | 5900/- | 19.11.2025 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122841/2025 **GENERAL MANAGER (CITY)**

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय उप महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल
फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com
क्रमांक 050/उपमहाप्रबं./सि./3332-33 भोपाल, दिनांक : 04.11.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़कर, भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमप्रसि/भो./60/01 (ई. निविदा क्र 2025_MKVVC_460761_1) | गोविंदपुरा भोपाल स्थित बिजली नगर कॉलोनी परिसर में बाउंड्रीवॉल के शेष निर्माण कार्य बावत्। | 14.42 लाख | 29,000/- |

**निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 05.11.2025 from 10:30 Hrs.**
**ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 13.11.2025 up to 15:00 Hrs.**
**निविदा खुलने की दिनांक/समय : 14.11.2025 at 15:00 Hrs.**
निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **https://portal.mpcz.in** पर देखें एवं **https://mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/122853/2025 **उपमहाप्रबंधक (सिविल)**